मत प्रेम करो इस काया से

मत प्रेम करो इस काया से एक दिन तो दगा दे जाएगी,
एक दिन तो दगा दे जाएगी, एक दिन तो दगा दे जाएगी,
मत प्रेम करो इस काया से एक दिन तो दगा दे जाएगी॥

भैया बहना सब मतलब के कोई ना साथ निभाएगा,
जब वक्त पड़ेगा वो भैया कोई ना साथ में जाएगा,
मत प्रेम करो इस काया से एक दिन तो दगा दे जाएगी॥

यह महल दुमहला छोड़ो तुम, मरघट की अब तुम याद करो,
जब आग लगेगी इस तन में, सब ख़ाक राख हो जाएगी,
मत प्रेम करो इस काया से एक दिन तो दगा दे जाएगी॥

मत प्यार करो परदेसी से, एक दिन तो दगा दे जाएंगे,
तुम ढूंढ ना पाओगे हमको, हम जाने कहां खो जाएंगे,
मत प्रेम करो इस काया से एक दिन तो दगा दे जाएगी॥

जब तक है तन में सांस तेरे, तब तक सब तेरा तेरा है,
उड़ गया पंछी रह गई काया फिर कुछ ना यहां पर तेरा है,
मत प्रेम करो इस काया से एक दिन तो दगा दे जाएगी॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25413/title/mat-prem-karo-is-kaya-se

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |